दैनिक भास्कर
बिलासपुर भास्कर 12-08-2025

# न्यायिक ढांचा हो रहा मजबूत, न्याय पाने मिलेगा बेहतर माहौल: सीजे सिन्हा

## वरिष्ठ व्यवहार न्यायालय व डिजिटल कंप्यूटर कक्ष का हुआ लोकार्पण




चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस संजय के अग्रवाल लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए।

लीगल रिपोर्टर | बिलासपुर

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने सोमवार को रायगढ़ के खरसिया में वरिष्ठ श्रेणी व्यवहार न्यायालय का उद्घाटन किया। इसके साथ रायगढ़ जिला न्यायालय में डिजिटल कंप्यूटर कक्ष, घरघोड़ा बाह्य न्यायालय में अधिवक्ता कक्ष और डिजिटल कंप्यूटर कक्ष का भी लोकार्पण किया। सीजे ने वर्चुअल माध्यम से भटगांव और बिलाईगढ़ के बाह्य न्यायालयों में न्यायिक अधिकारियों के आवास निर्माण के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास भी किया।

इस मौके पर सीजे सिन्हा ने कहा कि मजबूत अधोसंरचना किसी भी संस्था का मनोबल बढ़ाती है। इन नई सुविधाओं से पक्षकारों, अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों को सुविधाजनक माहौल मिलेगा और न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट राज्य सरकार के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रहा है कि छत्तीसगढ़ के हर जिले में सर्वोत्तम न्यायिक ढांचा उपलब्ध हो। इस अवसर पर रायगढ़ के पोर्टफोलियो जज जस्टिस संजय के अग्रवाल भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

### इन प्रोजेक्ट का लोकार्पण व भूमिपूजन

खरसिया में वरिष्ठ व्यवहार न्यायालय भवन बनने से अब स्थानीय स्तर पर ही वरिष्ठ श्रेणी के मामलों की सुनवाई होगी। रायगढ़ और घरघोड़ा में डिजिटल कंप्यूटर कक्ष से रिकॉर्ड सुरक्षित रहेंगे और डिजिटल स्वरूप में आसानी से उपलब्ध होंगे। घरघोड़ा में अधिवक्ता कक्ष का निर्माण कराया गया है। सीजे ने भटगांव और बिलाईगढ़ में न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास निर्माण के लिए भूमि पूजन किया।